जालंधर, सोमवार, 16 फरवरी 2026

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात

महा शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

## टी20 विश्वकप

# भारतीय शेरों के आगे पाकिस्तान ढेर



शेष पृष्ठ 7 पर

# इंसानियत शर्मसार

## सोशल मीडिया पर व्यूज के लिए मंदबुद्धि युवक को पिलाई शराब, कुत्ते से करवाया कुकर्म

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
15 फरवरी ( वर्मा )

इंटरनेट मीडिया पर व्यूज और मनोरंजन के लिए इंसानियत को शर्मसार करने वाली वीडियो सामने आई है। विकृत मानसिकता के शिकार दो व्यक्ति एक मंदबुद्धि युवक को शराब पिलाकर व 200 रुपये देकर अपने जर्मन शेफर्ड कुत्ते से कुकर्म करवाते दिखे। दोनों व्यक्ति गोराया के रहने वाले हैं। इसमें वीडियो बनाने वाला गोराया का कथित नेता, जबकि दूसरा कुत्ते का मालिक बताया जा रहा है। समाजसेवी विवेक शर्मा और मंगी स्वामी ने पुलिस अधिकारियों के अलावा एससी कमीशन के चेयरमैन जसबीर गढ़ी को पत्र लिखकर बच्चे को इंसाफ दिलवाने की गुहार लगाई है।

बताया जा रहा है कि गरीबी के चलते बच्चे का पिता 23 वर्ष पहले घर छोड़कर चला गया था। उसकी माता किसी स्कूल में काम करती है।

वायरल वीडियो में कुत्ते का मालिक



लड़के को पहले शराब पिलाते हैं। उसके बाद 200 रुपये देते हैं और फिर व्यक्ति मनोरंजन के लिए जर्मन शेफर्ड को लेकर आता है। दूसरा व्यक्ति मोबाइल फोन से कुकर्म का वीडियो बनाता है।

समाजसेवी विवेक शर्मा और मंगी स्वामी ने कुत्ते के मालिक पर और भी कई आपत्तिजनक आरोप लगाए हैं। डीएसपी फिल्लौर भरत मसीह ने कहा, अभी तक उनके पास कोई शिकायत नहीं आई। जैसे ही शिकायत आती है तो वह इसकी जांच करवाएंगे। जो भी आरोपित पाया गया उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने घटना बेहद शर्मसार करने वाली बताया।

# महाशिवरात्रि की भीड़ में हाथ साफ

## मॉडल हाउस के संती माता मंदिर से मोबाइल उड़ाए, कैमरे में कैद संदिग्ध

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
15 फरवरी ( वर्मा )

जालंधर के मॉडल हाउस स्थित संती माता मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच मोबाइल चोरी की घटनाओं ने भक्तों की आस्था के माहौल में खलल डाल दिया। देर रात तक चले मेले और दर्शन के दौरान अज्ञात युवक ने चार्जिंग प्वाइंट पर लगे मोबाइल फोन निशाना बना लिए। पूरी वारदात मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है, जिससे पुलिस को जांच में अहम सुराग मिले हैं।

जानकारी के अनुसार, कई श्रद्धालुओं ने अपने मोबाइल फोन मंदिर के निर्धारित चार्जिंग बोर्ड पर लगाए हुए थे। इसी दौरान एक युवक मौके की तलाश में आसपास मंडराता दिखा। फुटेज में वह पहले भीड़ का जायजा लेता है, फिर एक-एक कर चार्जिंग पर लगे फोन निकालकर जेब में रखता नजर आता है और भीड़ में गुम हो जाता है। एक पीड़ित



श्रद्धालु को तब संदेह हुआ जब वह अपना फोन लेने पहुंचा और वह गायब मिला। तुरंत मंदिर प्रबंधन को सूचना दी गई। प्रबंधन की मौजूदगी में सीसीटीवी रिकॉर्डिंग देखी गई, जिसमें संदिग्ध युवक की गतिविधियां स्पष्ट दिखाई दीं। इसके बाद पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर मामला दर्ज करवाया गया।

सूचना मिलते ही थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों के अतिरिक्त कैमरों की फुटेज भी अपने कब्जे में लेकर तकनीकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान के लिए फेस रिकग्निशन और लोकल इंटेलिजेंस की मदद ली जा रही है। आसपास के मोबाइल दुकानदारों और सेकेंड हैंड फोन मार्केट में भी निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि चोरी के फोन की लोकेशन ट्रैक की जा सके।

मंदिर प्रबंधन ने घटना पर चिंता जताते हुए श्रद्धालुओं से अपील की है कि भीड़भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों में अपने कीमती सामान की विशेष सुरक्षा रखें। प्रबंधन ने भविष्य में अतिरिक्त स्वयंसेवक तैनात करने, चार्जिंग प्वाइंट को नियंत्रित क्षेत्र में शिफ्ट करने और सुरक्षा गार्ड बढ़ाने का निर्णय भी लिया है। साथ ही, आयोजनों के दौरान अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि त्योहारों और मेलों के दौरान जेबकतरे और चोर सक्रिय हो जाते हैं। उनका मानना है कि पुलिस को ऐसे अवसरों पर सादे कपड़ों में जवान तैनात करने चाहिए ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं और जल्द गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल मामला दर्ज कर जांच जारी है।

महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व पर हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं, लेकिन प्रशासन का दावा है कि दोषी को जल्द ही कानून के शिकंजे में लिया जाएगा।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# होटल मैरिटन विवाद ने पकड़ा तूल

## साझेदारों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच CCTV बना जांच का केंद्र

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

15 फरवरी ( वर्मा )

जीटी रोड स्थित Hotel Mariton में साझेदारों के बीच शुरू हुआ विवाद अब कानूनी और सार्वजनिक बहस का विषय बन गया है। बीते दिनों दर्ज एफआईआर के बाद दोनों पक्ष खुलकर सामने आ गए हैं और एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। मामले में नया मोड़ तब आया जब एक पक्ष ने कथित सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक कर अपनी दलील को मजबूत करने की कोशिश की।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर यशपाल दुआ, गुलशन दुआ, उमेश दुआ, शिवी दुआ समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 295-ए के तहत केस दर्ज किया है। अधिकारियों का कहना है कि मामला संवेदनशील है और हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। संबंधित धाराओं के तहत दर्ज मुकदमे को लेकर कानूनी विशेषज्ञ भी अलग-अलग राय दे रहे हैं, जिससे मामला और चर्चा में आ गया है।




दुआ परिवार की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में परमजीत मरवाहा पर माहौल बिगाड़ने और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए गए। परिवार का कहना है कि 12 फरवरी को होटल परिसर में एक निजी पारिवारिक समारोह चल रहा था, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी मौजूद थे। आरोप है कि उसी दौरान कहासुनी हुई जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। परिवार का दावा है कि स्थिति इतनी बिगड़ी कि लॉबी क्षेत्र तक झड़प की नौबत आ गई।

दूसरी ओर, परमजीत मरवाहा ने इन आरोपों को सिरे से नकारते हुए एक सीसीटीवी वीडियो जारी किया है। उनका कहना है कि फुटेज में एक व्यक्ति लिफ्ट के अंदर स्वयं को चोट पहुंचाते दिखाई दे रहा है, जिससे यह संकेत मिलता है कि चोटें जानबूझकर पहुंचाई गईं। मरवाहा का आरोप है कि यह सब क्रॉस केस दर्ज कराने की रणनीति का हिस्सा हो सकता है। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वीडियो की सत्यता और संदर्भ की तकनीकी जांच की जा रही है और किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना अभी जल्दबाजी होगी।

सूत्रों के अनुसार, साझेदारी को लेकर दोनों पक्षों में पिछले कई महीनों से मतभेद चल रहे थे। हिस्सेदारी के प्रतिशत, संचालन अधिकार और वित्तीय निर्णयों को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई थी। पुलिस अब इस एंगल से भी जांच कर रही है कि क्या कारोबारी मतभेद ही इस विवाद की जड़ हैं।

जांच टीम ने होटल परिसर के विभिन्न हिस्सों से सीसीटीवी फुटेज जब्त किए हैं। डिजिटल फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मदद से वीडियो की टाइमलाइन, एडिटिंग और ऑडियो-वीडियो सिंक्रोनाइजेशन की पड़ताल की जा रही है।

साथ ही, मेडिकल रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी केस डायरी में शामिल किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों के मोबाइल कॉल रिकॉर्ड और लोकेशन डेटा की भी जांच की जा सकती है, ताकि घटना के समय की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

कानूनी जानकारों का मानना है कि यदि वीडियो प्रमाणिक साबित होता है तो केस की दिशा बदल सकती है। वहीं यदि आरोप सिद्ध होते हैं तो संबंधित धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई संभव है। फिलहाल दोनों पक्ष अपने-अपने दावों को मजबूत करने के लिए दस्तावेज और साक्ष्य जुटा रहे हैं।

पुलिस का कहना है कि जांच निष्पक्ष और तथ्यों के आधार पर की जा रही है। किसी भी पक्ष को राहत या दोषी ठहराने का निर्णय केवल साक्ष्यों के आधार पर लिया जाएगा।

जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई और संभावित गिरफ्तारी या चार्जशीट पर निर्णय होगा।

फिलहाल, होटल मैरिटन का यह विवाद शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। कारोबारी साझेदारी से शुरू हुआ मतभेद अब कानूनी लड़ाई का रूप ले चुका है, और सभी की नजरें पुलिस जांच के अंतिम निष्कर्ष पर टिकी हैं।

## सीएम मान फोर्टिस मोहाली में भर्ती : संगरूर से लौटने के बाद अस्पताल लाया गया, डॉक्टरों की टीम कर रही जांच



» वंदे भारत न्यूज़ । मोहाली

15 फरवरी ( वर्मा )

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को आज सुबह संगरूर से लौटने के बाद मोहाली के फोर्टिस हॉस्पिटल ले जाया गया है। सूत्रों का कहना है कि वह दोपहर करीब 3:00 बजे पहुंचे और डॉक्टरों की एक टीम अभी उनकी जांच कर रही है।

बता दें कि महाशिवरात्रि के इस खास मौके पर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान आज धूरी पहुंचे थे। धूरी स्थित श्री रणकेशवर महादेव शिव मंदिर में मान और केजरीवाल माथा टेका। इस दौरान उनके साथ दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री व पंजाब आप प्रभारी मनीष सिसोदिया भी थे। यहां से लौटने के बाद अचानक सीएम की तबीयत खराब हो गई।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री मान संगरूर में कई कार्यक्रमों में व्यस्त थे। इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। एहतियात के तौर पर उन्हें मोहाली फोर्टिस लाया गया है। अस्पताल पहुंचते ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने उनका मेडिकल परीक्षण शुरू किया।

## महाशिवरात्रि के दिन बड़ा सड़क हादसा, दो महिलाओं समेत तीन की मौत; चार लोग घायल



**चंडीगढ़ ( ब्यूरो )**- चंडीगढ़ में रविवार शाम को बड़ा हादसा पेश आया है। यहां दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा चंडीगढ़ के सेक्टर 5/8 डिवाइडिंग रोड पर हुआ है। वहीं, तीन लोगों के घायल होने की जानकारी है। घायलों को सेक्टर-16 के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, एक घायल को पीजीआई रेफर किया गया है।

फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल से ट्रैफिक को डायवर्ट किया है जिससे सुखना लेक जाने वाली सड़क पर भारी जाम लग गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पंजाब में भाजपा को बड़ा झटका : शिअद में शामिल हुए BJP उपाध्यक्ष अरविंद खन्ना; सुखबीर ने पार्टी में शामिल किया

» वंदे भारत न्यूज़ । सुनाम

15 फरवरी ( वर्मा )

पंजाब में सियासत में बड़ी हलचल हुई है। भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के बीच गठबंधन की अटकलों के बीच भाजपा को बड़ा झटका लगा है। संगरूर से विधानसभा चुनाव लड़ चुके भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद खन्ना शिअद में शामिल हो गए हैं। महाशिवरात्रि के दिन शिअद प्रमुख सुखबीर बादल अरविंद खन्ना के संगरूर स्थित निवास



स्थान पर पहुंचे और अरविंद खन्ना को पार्टी में शामिल करवाया। अरविंद खन्ना भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और दो बार विधायक भी रह चुके हैं। अरविंद खन्ना समाजसेवी संस्था उम्मीद फाउंडेशन के जरिए नि:शुल्क मेडिकल सुविधाएं देने के लिए प्रसिद्ध रहे हैं। खन्ना भारतीय जनता पार्टी में जनवरी 2022 में शामिल हुए थे। इससे पहले वे कांग्रेस में थे। मौजूदा समय में वे प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष हैं। खन्ना, भाजपा पंजाब की कोर समिति और वित्त समिति के सदस्य हैं। इससे पहले खन्ना ने पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीपीसीसी) के महासचिव, पीपीसीसी कोषाध्यक्ष के रूप में कार्य किया था। अरविंद खन्ना इसी संसदीय सीट का हिस्सा संगरूर व धूरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं और कांग्रेस की टिकट पर 2004 लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। हालांकि वे 27277 मतों के अंतर से अकाली दल के नेता सुखदेव सिंह ढींडसा से चुनाव हार गए थे। अरविंद खन्ना तब 259551 वोट लेने में सफल रहे थे।

# मकसूदां में लोगों की सतर्कता से संदिग्ध युवक पकड़ा गया, तलाशी में धारदार हथियार बरामद

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
15 फरवरी ( वर्मा )

शहर में लगातार बढ़ रही चोरी और छीना-झपटी की घटनाओं के बीच मकसूदां इलाके में स्थानीय निवासियों की मुस्तैदी से एक संदिग्ध युवक को काबू कर लिया गया। देर रात मोहल्ले में गश्त कर रहे कुछ युवकों ने उसे संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते देखा। रोककर पूछताछ की गई तो वह घबराया हुआ नजर आया, जिससे शक और गहरा गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक को कथित तौर पर एक प्रवासी मजदूर को रोकते हुए देखा गया था। लोगों को आशंका हुई कि वह लूटपाट की फिराक में है। इसी आधार पर उसे घेरकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक धारदार छुरा बरामद हुआ, जिसके बाद मौके पर माहौल तनावपूर्ण हो गया।

कुछ लोगों ने गुस्से में आकर युवक की पिटाई भी कर दी, हालांकि वह खुद को बेगुनाह बताता रहा। स्थिति बिगड़ती देख समझदार नागरिकों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। थोड़ी ही देर में पीसीआर टीम मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से सुरक्षित निकालकर हिरासत में ले लिया। मौके से बरामद हथियार को पुलिस कर्मियों ने जब्त कर लिया और आगे की जांच के लिए थाने भेज दिया।





इलाके के निवासियों का कहना है कि पिछले कुछ समय से मकसूदां में चोरी की वारदातें बढ़ी हैं। हाल ही में एक नई एक्टिवा चोरी होने का मामला भी सामने आया था। स्थानीय लोगों का दावा है कि पकड़ा गया युवक पहले भी मोहल्ले में संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त दिखाई दिया था, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, युवक से पूछताछ की जा रही है और उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह किसी गिरोह से जुड़ा है या अकेले ही वारदातों को अंजाम देता रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि घटना से पहले और बाद की गतिविधियों का पता चल सके।

प्राथमिक जांच में यह भी देखा जा रहा है कि बरामद छुरा किसी आपराधिक इरादे से रखा गया था या नहीं। यदि युवक किसी लूट या चोरी की वारदात में शामिल पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट और अन्य संबंधित धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों ने पुलिस से इलाके में रात के समय गश्त बढ़ाने और सादे कपड़ों में जवान तैनात करने की मांग की है। उनका कहना है कि सामुदायिक सतर्कता और पुलिस की सक्रियता से ही अपराध पर लगाम लगाई जा सकती है।

फिलहाल युवक पुलिस हिरासत में है और मामले की विस्तृत जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि तथ्यों के आधार पर ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बच्ची की बहादुरी से टली चोरी की वारदात : जालंधर में जरनल स्टोर के चोरों ने तोड़े ताले, बच्ची के शोर मचाने पर भागे

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
15 फरवरी ( वर्मा )

शहर के शक्ति नगर में स्थित थापर जरनल स्टोर की दुकान के चोर ताले तोड़ रहे थे कि गली से निकल रही बच्ची ने देख शोर मचा दिया। बच्ची का शोर सुनकर चोर मौके पर एक्टिवा से फरार हो गए, जिसकी शिकायत उनकी पास रहने वाले दुकान मालिक को दी और चोरी होने की सूचना पाकर इलाके के लोग इकट्ठे हो गए, जिन्होंने थाना चार की पुलिस को सूचित किया और व्योमकेश पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गईं।

थापर जरनल स्टोर के मालिक चाँद ने बताया कि वह पिछले कई सालों से शक्ति नगर में दुकान को चला रहे हैं। उसने बताया कि वह रोजाना की तरह शुक्रवार रात 10.30 बजे दुकान के ताले लगाकर घर चले गए थे कि करीब 30 मिनट के बाद गली से निकल रही बच्ची ने देखा कि दो युवकों ने दुकान के ताले तोड़ दिए थे और वह दुकान का शटर उखाड़ने की कोशिश कर रहे थे, जिसे देख उसने शोर मचा दिया।



बच्ची का शोर सुनकर दोनों युवक मौके से भाग गए। पीड़ित दुकानदार ने कहां कि वह अगर दुकान के शटर को सेंटर लॉक न लगा होता तो दुकान का शटर खोल चोर दुकान से सामान चोरी कर ले जाते। वारदात के बाद इलाके के लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने थाना चार की पुलिस को सूचित किया और सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना चार की पुलिस जांच में जुट गई।

इलाके के लोगों ने पुलिस से गुहार लगाई है कि उनके इलाके में गश्त बढ़ाई जाए ताकि चोर लुटेरों के मन में पुलिस का डर बना रहे और वारदातों पर नकेल कसी जाए, वहीं थाना चार की प्रभारी अनु पलयाल ने बताया कि उनकी टीम मामले की जांच में जुटी हुई हैं और वह आरोपितों के खिलाफ बनती कार्रवाई कर रही हैं।




# 19 लाख की 'लूट' का पर्दाफाश: बीमा रकम पाने के लिए रची गई थी झूठी कहानी

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
15 फरवरी ( वर्मा )

झअर्बन एस्टेट फेज-2 में 19 लाख रुपये की कथित लूट का मामला अब पूरी तरह उलट गया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि जिस घटना को दिनदहाड़े लूट बताकर सनसनी फैलाई गई थी, वह दरअसल बीमा क्लेम हासिल करने के लिए रची गई सुनियोजित साजिश थी।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक शिकायत में प्रिया नाम की महिला ने दावा किया था कि बाइक सवार दो युवकों ने नकदी से भरा बैग छीन लिया। लेकिन घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की



जांच में कई अहम विसंगतियां सामने आईं। शक गहराने पर पुलिस ने अलग-अलग एंगल से जांच तेज की, जिसके बाद कहानी की परतें खुलनी शुरू हो गईं। मामले में दो युवकों-भीमा उर्फ फूल और अभी पुत्र राधेश्याम-को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि उनके पास किसी भी तरह की नकदी नहीं थी। वे खाली बैग लेकर मौके से भागे थे और इस 'नाटक' के बदले उन्हें 7 हजार रुपये देने का वादा किया गया था।

जांच में यह भी सामने आया कि कथित पीड़िता प्रिया और उसके पति रामानंद ने मिलकर पूरी स्क्रिप्ट तैयार की थी। योजना के तहत पहले झूठी लूट की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई और फिर बीमा कंपनी से क्लेम लेने की तैयारी की जा रही थी। वारदात के तुरंत बाद दोनों युवकों को शहर से बाहर भेज दिया गया ताकि किसी को शक न हो।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया गया है। घटना में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद कर ली गई है। दंपति को भी मामले में नामजद कर लिया गया है और उनके खिलाफ धोखाधड़ी व षड्यंत्र की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

अधिकारियों के मुताबिक, जल्द ही पूरी साजिश में इस्तेमाल रकम और अन्य साक्ष्यों की रिकवरी की जाएगी। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या इससे पहले भी इसी तरह की कोई फर्जी घटना को अंजाम दिया गया था। फिलहाल, 19 लाख की कथित लूट का यह मामला पुलिस की सतर्क जांच से बेनकाब हो गया है। जांच जारी है और आने वाले दिनों में और भी खुलासे संभव हैं।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# मोगा फायरिंग : प्रवासी मजदूरों पर हमले के दो आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, गैंगस्टर कनेक्शन का खुलासा

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । मोगा

14 फरवरी ( ब्यूरो )



जीरा रोड पर 10 फरवरी को सुबह साढ़े 11 बजे शैलर में काम करने वाले प्रवासी मजदूरों पर फायरिंग करने वाले दो लोगों को पुलिस ने रविवार को गांव घल्लकलां में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। एक आरोपित की टांग पर गोली लगी है जबकि दूसरे के भागते हुए टांग में चोट लगी है। दोनों को इलाज के लिए मोगा के सिविल अस्पताल में लाया गया है। आरोपित एक फरवरी से घटना को अंजाम देने के लिए प्लानिंग बना रहे थे। इसके लिए अजनाला से वह हथियार लेकर आए थे। उन्होंने फायरिंग की वीडियो बनाने वाले आरोपित शाहवीर सिंह के कहने पर घटनाक्रम को अंजाम दिया था। घटना के बाद आरोपित अमृतसर में ठहरे थे। घटनास्थल पर पहुंचे एसएसपी मोगा अजय गांधी ने बताया कि शैलर में काम करके खाना खाने के लिए जा रहे मजदूरों पर मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों द्वारा फायरिंग की गई थी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच के दौरान उनको पनाह देने के आरोप में फिरोजपुर से संबंधित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। इसी दौरान रविवार को गश्त कर रही पुलिस को सूचना मिली कि जीरा रोड पर हुई घटना को अंजाम देने वाले आरोपित उक्त इलाके में घूम रहे हैं। इस पर सीआइए स्टाफ की पुलिस समेत अन्य पुलिस बल ने इलाके में नाकाबंदी की। इस दौरान मोटरसाइकिल सवार आरोपितों ने पुलिस टीम को देखते हुए फायरिंग कर दी। आरोपितों की ओर से करीब चार राउंड फायर किए गए। पुलिस की जवाबी फायरिंग में जोबनप्रीत सिंह निवासी गांव भगाली खुर्द नारायणगढ़ तलवंडी भाई, फिरोजपुर के टांग पर गोली लगी। वहीं, उसका साथी आकाशदीप सिंह निवासी थमन वाला जिला मोगा भागने के प्रयास में घायल हो गया। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार करके घायल अवस्था में मोगा के सिविल अस्पताल में लाया गया।

# बांग्लादेश : तारिक रहमान 17 फरवरी को लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ, भारत समेत इन 13 देशों को न्योता

**ढाका :** बांग्लादेश में नई सरकार के गठन के बाद प्रधानमंत्री तारिक रहमान 17 फरवरी को शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में भारत सहित 13 देशों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, समारोह राजधानी ढाका में आयोजित होगा। इसमें दक्षिण एशिया और अन्य मित्र देशों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधि शामिल होंगे। नई सरकार के गठन को लेकर देश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं।



बताया जा रहा है कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम को क्षेत्रीय सहयोग और कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है। पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को नई दिशा देने पर भी जोर दिया जाएगा। सरकार की ओर से संकेत दिए गए हैं कि नई नेतृत्व टीम आर्थिक सुधार, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता देगी।

साथ ही विदेश नीति में संतुलन और क्षेत्रीय साझेदारी को आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान रहेगा। शपथ ग्रहण समारोह में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं और विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

# साथ जिए, साथ मरेः बड़े भाई के अंतिम संस्कार के बाद छोटे ने भी तोड़ा दम, दोनों भाइयों में था गहरा लगाव

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । फिरोजपुर

14 फरवरी ( ब्यूरो )

जिस बड़े भाई के साथ बचपन बिताया और जिदंगी की सारी खुशियां देखी। उसकी मौत के कुछ घंटे बाद ही छोटे भाई ने भी दम तोड़ दिया। घटना जिले के गांव कुलगढ़ी की है, जहां महज सात घंटों के अंतराल में दो सगे भाइयों की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।

परिवार ही नहीं, गांव का हर व्यक्ति इस असहनीय सदमे से स्तब्ध है। दो भाई रजवंत सिंह संधू और भगवंत सिंह संधू अब इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन उनका आपसी प्रेम और साथ निभाने की मिसाल गांव वालों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगी।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी 71 वर्षीय रजवंत सिंह संधू को रविवार सुबह करीब आठ बजे अचानक दिल का दौरा पड़ा। स्वजन उन्हें संभाल पाते, उससे पहले ही उन्होंने अंतिम सांस ले ली और घर में मातम छा गया। बड़े भाई की अचानक हुई मौत से छोटे भाई 69 वर्षीय भगवंत सिंह संधू गहरे सदमे में थे। परिवार और रिश्तेदार अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुट गए।

दोपहर में गांव के श्मशान घाट पर रजवंत सिंह का अंतिम संस्कार किया गया। नम आंखों से स्वजनों ने उन्हें विदाई दी। किसी को क्या पता था कि यह दुख यहीं थमने वाला नहीं है। अंतिम संस्कार के बाद जब परिवार घर लौटा तो भगवंत सिंह अपने बड़े भाई के कमरे में गए।



वे उसी बिस्तर पर लेट गए, जहां सुबह रजवंत सिंह ने अंतिम सांस ली थी। बताया जाता है कि बड़े भाई की मौत का गम वह सहन नहीं कर पा रहे थे। करीब तीन बजे के आसपास अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। स्वजन कुछ समझ पाते, उससे पहले ही उन्हें भी दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई।

घर का आंगन, जहां सुबह से ही शोक की लहर थी, शाम तक पूरी तरह चीख-पुकार और आंसुओं से भर गया। गांव कुलगढ़ी में इस हृदयविदारक घटना की खबर फैलते ही सन्नाटा पसर गया। लोग इसे भाइयों के अटूट प्रेम का उदाहरण बता रहे हैं।

**दोनों भाइयों में था गहरा लगाव**

ग्रामीणों का कहना है कि दोनों भाइयों में गहरा लगाव था। वे हर सुख-दुख में साथ रहते थे। शायद यही वजह रही कि बड़े भाई के जाने का सदमा छोटे भाई का दिल सहन नहीं कर सका। इस दुख की घड़ी में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने परिवार से मिलकर शोक व्यक्त किया और जिसने भी यह दृश्य देखा, उसकी आंखें छलक उठीं।

## जमीन विवाद में सुनवाई न होने से परेशान थी; पंचायत सदस्य की पत्नी ने आत्महत्या का प्रयास किया

**बरनाला :** पंजाब के बरनाला जिले के गांव ठीकरीवाला में जमीन विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। पंचायत सदस्य की पत्नी ने कथित तौर पर सुनवाई न होने और लगातार तनाव से परेशान होकर आत्महत्या का प्रयास कर लिया। गंभीर हालत में उन्हें बरनाला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार पीड़िता के पति गांव के पंचायत सदस्य हैं और उनका कुछ लोगों के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि इसी विवाद के चलते विरोधी पक्ष ने उनके पति के खिलाफ चोरी का झूठा मामला दर्ज करवा दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया था।



**आरोप- मानसिक तौर पर परेशान किया**

पीड़िता ने अस्पताल में बताया कि पति की गिरफ्तारी के बाद विरोधी परिवार ने उन्हें और उनके बच्चों को मानसिक रूप से परेशान किया। उन्होंने मारपीट और धमकाने के भी आरोप लगाए। उनका कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिला, जिससे वह तनाव में आ गईं। इस घटनाक्रम के बाद गांव में माहौल तनावपूर्ण हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जमीन विवाद लंबे समय से चल रहा था, लेकिन हाल की घटनाओं ने मामले को और उलझा दिया।

# लुधियाना में स्कूल प्रबंधक को मिली धमकी, डोनी बल गैंगस्टर बताकर मांगी रंगदारी

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । लुधियाना

14 फरवरी ( ब्यूरो )

गांव लादियां में स्थित अमृत इंडो कनेडियन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक नवजोत सिंह को गैंगस्टरों ने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने 14 फरवरी को थाना हैबोवाल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। नवजोत सिंह ने बताया कि 14 जनवरी 2026 को उसके पिता हरमिंदर सिंह के मोबाइल नंबर पर 1 ( 317) 365-8671 से एक काल आई। फोन करने वाले ने खुद को डोनी बल गैंगस्टर बताते हुए धमकी दी। पहली काल काटने के बाद आरोपित ने दोबारा काल और मैसेज कर परिवार को गंभीर नुकसान पहुंचाने की बात कही।



आरोपित ने कहा कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो पीड़ित या उसके परिवार के किसी सदस्य को नुकसान पहुंचाया जाएगा। इसके बाद कई बार काल कर डरा-धमकाकर रंगदारी मांगने की कोशिश की गई।

शिकायत मिलने के बाद थाना हैबोवाल पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि काल और मैसेज के तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि विदेश या अनजान नंबरों से आने वाली धमकी भरी काल्स से घबराएं नहीं और तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।



# हवा में अचानक पीछे जाने लगा CM मोहन यादव का हेलीकॉप्टर, थम गईं लोगों की सांसें

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । खंडवा

15 फरवरी ( ब्यूरो )



मध्य प्रदेश के खंडवा जिले से एक बेहद डराने वाली घटना सामने आई है, जिसने कुछ पलों के लिए वहां मौजूद हर शख्स की धड़कनें तेज कर दीं। मुख्यमंत्री मोहन यादव के हेलीकॉप्टर ने जैसे ही टेकऑफ किया, वह हवा में लड़खड़ाने लगा और आगे बढ़ने के बजाय अचानक पीछे की तरफ जाने लगा। इस खौफनाक घटना का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह पूरा वाकया उस समय हुआ जब सीएम मोहन यादव पंधाना इलाके में 'लाड़ली बहना योजना' के एक विशाल कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पहुंचे थे।

**पायलट की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा**

न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक, पंधाना में कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब मुख्यमंत्री मोहन यादव के हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी, तो अचानक वह अनियंत्रित सा दिखने लगा। चॉपर आसमान में आगे की ओर जाने के बजाय पीछे और नीचे की तरफ झुकने लगा था। हवा में हेलीकॉप्टर का यह डरावना संतुलन बिगड़ता देख नीचे खड़े आला अधिकारी, सुरक्षाकर्मी और आम जनता बुरी तरह घबरा गए। हर किसी के चेहरे पर सीएम की सुरक्षा को लेकर चिंता साफ दिखाई दे रही थी। हालांकि, गनीमत यह रही कि हेलीकॉप्टर के अनुभवी पायलट ने गजब की सूझबूझ दिखाई और कुछ ही सेकंड में स्थिति को संभाल लिया। जब चॉपर सुरक्षित तरीके से हवा में संतुलित होकर अपनी मंजिल की ओर रवाना हुआ, तब जाकर मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की लंबी सांस ली।

**महाशिवरात्रि से पहले 'लाडली बहनों' को मिली 33वीं किस्त**

इस घटना से पहले, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पंधाना में आयोजित जनसभा में प्रदेश की महिलाओं को महाशिवरात्रि का बड़ा तोहफा दिया। उन्होंने 'लाडली बहना योजना' की 33वीं किस्त जारी करते हुए लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में 1,500 रुपये की आर्थिक मदद भेजी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने स्पष्ट किया कि प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार के पास फंड की कोई कमी नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार महिलाओं की भलाई और उनके उत्थान के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

**एक क्लिक में ट्रांसफर किए 1,836 करोड़ रुपये**

मुख्यमंत्री ने मंच से जानकारी दी कि सरकार ने एक सिंगल क्लिक के जरिए 1.25 करोड़ से अधिक लाभार्थी बहनों के खातों में कुल 1,836 करोड़ रुपये की राशि सफलतापूर्वक ट्रांसफर कर दी है। आपको बता दें कि इस महत्वाकांक्षी योजना के लागू होने से लेकर अब तक महिलाओं के खातों में कुल 52,304 करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं।

सीएम ने कहा कि सरकार हर कदम पर मातृशक्ति के साथ मजबूती से खड़ी है। वर्तमान में चल रहे 'किसान कल्याण वर्ष' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की मुख्य प्राथमिकता महिलाओं को स्व-सहायता समूहों (सेल्फ-हेल्प ग्रुप) से जोड़ना और उनके काम का उचित रिटर्न सुनिश्चित करना है। अपने संबोधन के अंत में सीएम ने प्रदेश की सभी माताओं और बहनों को देवी-देवताओं के समान बताते हुए उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम किया।

# जल्द खत्म होगा रूस-यूक्रेन युद्ध, वास्तविक शांति लाने के लिए समझौते को तैयार यूक्रेन

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । कीव

15 फरवरी ( ब्यूरो )

यूक्रेन शांति समझौते के लिए तैयार हो गया है। राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की ने जर्मनी के म्यूनिख में कहा कि यूक्रेन एक ऐसे समझौते के लिए तैयार है, जो वास्तविक शांति लाएगा। एजेंसी के अनुसार, म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन एक ऐसे समझौते के लिए तैयार है जो हमारे लिए, यूक्रेन के लिए और यूरोप के लिए वास्तविक शांति लाएगा। उन्होंने कहा कि इस संकट को सबसे पहले सम्मानजनक तरीके से समाप्त किया जा सकता है और यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

जेलेंस्की का कहना है कि यूरोप व्यावहारिक रूप से वार्ता की मेज पर मौजूद नहीं है, जो एक बड़ी गलती है। न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन बातचीत की प्रक्रिया में यूरोप को पूरी तरह से शामिल करने की कोशिश कर रहा है, ताकि यूरोप के हितों और उसकी आवाज का ध्यान रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि यूक्रेन इन वार्ताओं को सफल बनाने के लिए सब कुछ करेगा और वह अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ लगातार संपर्क में है। इस बीच, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने इस महीने की शुरुआत में कहा कि रूस अमेरिकी नेताओं के साथ बनी सहमति के आधार पर यूक्रेन संकट का बातचीत



से हल निकालने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा, रूस पिछले साल अगस्त में अलास्का के एंकोरेज शहर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के नतीजों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मॉस्को को उम्मीद है कि ईमानदार और सीधी वार्ता के लिए तैयार पार्टनर्स के साथ आपसी सहमति वाले समझौते करने की प्रक्रिया में उसके हितों का पूरी तरह से ध्यान रखा जाएगा।

लावरोव ने कहा कि रूस अंतरराष्ट्रीय मामलों में सच्चाई और न्याय को बनाए रखेगा व संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों पर आधारित एक मल्टीपोलर दुनिया को बढ़ावा देगा। उन्होंने यह भी कहा कि मॉस्को डबल स्टैंडर्ड, छिपे हुए एजेंडा, थोपे गए सेटलमेंट फॉर्मूले और साथ ही नवउपनिवेशवाद और आधिपत्यवाद के तरीकों का विरोध करेगा।

विदेश मंत्री ने कहा कि रूस मल्टीपोलर दुनिया के उभरते सेंटर्स के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने को प्राथमिकता देगा।

उन्होंने यह भी कहा कि रूस और एक जैसी सोच वाले साझेदार व्यापार, निवेश, वित्तीय और लॉजिस्टिक सहयोग के लिए प्रतिबंध-प्रतिरोधी सिस्टम को तेजी से डेवलप करने के लिए काम करेंगे।

# पाकिस्तानी सेना ने BLA लड़ाकों के सामने किया सरेंडर, घुटनों पर बैठे दिखे जवान; 7 दिनों का मिला अल्टीमेटम

» वंदे भारत 24 न्यूज़ । क्वेटा

15 फरवरी ( ब्यूरो )



बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने हालिया कार्रवाई के दौरान सात पाकिस्तानी सैन्य कर्मियों को बंदी बना लिया है। संगठन ने इन सैनिकों को युद्धबंदी बताया है और उनकी रिहाई के बदले बलूच राजनीतिक कैदियों तथा कथित रूप से लापता व्यक्तियों की रिहाई की मांग की है। बीएलए ने पाकिस्तान सरकार को सात दिनों का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर बंदियों के खिलाफ तथाकथित बलूच नेशनल कोर्ट में कार्रवाई की जा सकती है।

बीएलए के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई बलूचिस्तान में चल रहे संघर्ष का हिस्सा है। संगठन का आरोप है कि क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा बलूच नागरिकों के खिलाफ दमनात्मक कार्रवाइयाँ की जा रही हैं। हालांकि, पाकिस्तानी अधिकारियों की ओर से इस दावे पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। आम तौर पर ऐसे दावों की स्वतंत्र पुष्टि तुरंत संभव नहीं होती।

इससे पहले भी बीएलए ने इसी तरह के अल्टीमेटम जारी किए हैं। 2025 में Jaffar Express से जुड़े अपहरण मामले में संगठन ने 48 घंटे की समयसीमा दी थी और राजनीतिक कैदियों की रिहाई की मांग की थी। उस घटना के बाद पाकिस्तानी सेना ने 'ऑपरेशन ग्रीन बोलन' नामक कार्रवाई चलाकर बंधकों को छुड़ाने का दावा किया था, जबकि बीएलए ने अलग दावा किया था।

विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे घटनाक्रम बलूचिस्तान में पहले से मौजूद तनाव को और बढ़ा सकते हैं। यह संघर्ष कई दशकों से जारी है, जिसमें अलगाववादी गतिविधियाँ, सुरक्षा अभियानों और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप शामिल रहे हैं। मौजूदा दावों और तस्वीरों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है, इसलिए स्थिति पर आधिकारिक और विश्वसनीय स्रोतों से जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING
& MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# कब है मनोरथ चतुर्थी ?



**फाल्गुन का महीना बेहद पावन होता है। यह महीना देवों के देव महादेव को समर्पित होता है। इस महीने में महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और मां पार्वती की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही महाशिवरात्रि का व्रत रखा जाता है। इसके साथ ही कई अन्य प्रमुख पर्व फाल्गुन महीने में मनाए जाते हैं।**

फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के अगले दिन मनोरथ चतुर्थी मनाई जाती है। इस दिन भगवान गणेश की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही विशेष काम में सफलता पाने के लिए व्रत रख जाता है।

**आइए, ढुण्ढिराज चतुर्थी के बारे में सबकुछ जानते हैं-**

### कब है ढुण्ढिराज चतुर्थी?

हर साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के अगले दिन ढुण्ढिराज चतुर्थी मनाई जाती है। इस साल शनिवार 21 फरवरी को ढुण्ढिराज चतुर्थी है। इस शुभ अवसर पर भगवान गणेश की पूजा की जाएगी।

### ढुण्ढिराज चतुर्थी शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के अनुसार, 20 फरवरी को दोपहर 02 बजकर 38 मिनट पर फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी की शुरुआत होगी। वहीं, 21 फरवरी को दोपहर 01 बजे फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि का समापन होगा। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। इसके लिए 21 फरवरी को विनायक चतुर्थी मनाई जाएगी।

### ढुण्ढिराज चतुर्थी शुभ योग

फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। इन योग में शिव परिवार की पूजा की जाएगी। इस शुभ अवसर पर शुभ, शुक्ल और रवि योग का संयोग है। शुक्ल योग का संयोग रात भर है। वहीं, रवि योग शाम 07 बजकर 07 मिनट तक है। इन योग में भगवान गणेश की पूजा करने से साधक के सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी।



### पंचांग

- सूर्योदय - सुबह 06 बजकर 54 मिनट पर
- सूर्यास्त - शाम 06 बजकर 15 मिनट पर
- चन्द्रोदय- सुबह 08 बजकर 56 मिनट पर
- चन्द्रास्त- रात 10 बजकर 16 मिनट पर
- ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 05 बजकर 13 मिनट से 06 बजकर 04 मिनट तक
- विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 28 मिनट से 03 बजकर 14 मिनट तक
- गोधूलि मुहूर्त - शाम 06 बजकर 13 मिनट से 06 बजकर 38 मिनट तक
- निशिता मुहूर्त - रात 12 बजकर 09 मिनट से 01 बजे तक

# इन 3 आदतों के कारण नहीं मिलती सफलता, मन भी रहता है परेशान



आचार्य चाणक्य की नीतियां आज भी प्रभावशाली मानी जाती है, जिसे पढ़ने से न केवल अच्छा मार्गदर्शन बल्कि सकारात्मकता का स्तर भी बढ़ता है।

कहते हैं कि, इस नीति शास्त्र में सफलता प्राप्त करने के अनेक सूत्र हैं। साथ ही इसमें परिश्रम, धैर्य, आत्मविश्वास के साथ-साथ समय का सदुपयोग के महत्व को भी विशेष रूप से समझाया गया है। यदि इन नीतियों का पालन अपने जीवन में किया जाए, तो व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित और कठिन परिस्थितियों से भी लड़ने में सफलता हासिल करता है। हालांकि, चाणक्य नीति में व्यक्ति की उन आदतों का भी उल्लेख है, जो अक्सर कामयाबी में रूकावटें लाती हैं। यही नहीं इन आदतों के कारण बने बनाए काम भी अक्सर बिगड़ने लगते हैं। ऐसे में आइए इन आदतों को जानते हैं।



### झूठ बोलने की आदत

झूठ बोलने वाला व्यक्ति अक्सर अपने कार्यों में असफल होता है। दरअसल, ऐसा इंसान भीतर से अंशात होता है और हमेशा उसे यह डर सताता रहता है कि, उसका झूठ कहीं पकड़ में न आ जाए।

चाणक्य के मुताबिक, धीरे-धीरे यह आदत उसके स्वभाव का हिस्सा बन जाती है, जिससे उसका आत्मविश्वास कम होता जाता है और मानसिक तनाव बढ़ता रहता है। इसलिए समय कैसा भी हो हमेशा सत्य का साथ देना चाहिए।

### मेहनत से डरने वाला व्यक्ति

माना जाता है कि, मेहनत से डरने वाला व्यक्ति जीवन में आगे नहीं बढ़ पाता है। चाणक्य के मुताबिक, ऐसे लोग हमेशा आसान रास्तों की तलाश में रहते हैं।

मेहनत से दूरी बनाने के कारण ऐसे लोग आगे बढ़ने के अवसरों को खो देते हैं और अंत में असफलता का सामना करना पड़ता है। इसलिए बिना किसी डर और फल की चिंता के अपने लक्ष्यों के प्रति प्रयासरत रहना चाहिए।

### बदलावों को स्वीकार न करने की आदत

समय के साथ-साथ स्वयं की सोच-समझ को सही रखने के अलावा बदलावों को स्वीकार करने की आदत भी इंसान में होनी चाहिए। चाणक्य के मुताबिक, बदलावों को स्वीकार न करने की आदत बड़ी परेशानियों का कारण बनती हैं। इसलिए बदलावों को स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए।

इससे संतुलित, समझदार और प्रभावशाली व्यक्तित्व भी विकसित होता है।

# इत्र की सुगंध में छिपे हैं भाग्य परिवर्तन के सूत्र : जानिए धन और दांपत्य जीवन में तरक्की के उपाय



सनातन परंपरा में सुगंध को अत्यंत पवित्र और सात्त्विक तत्व माना गया है। वेदों और पुराणों में वर्णित है कि जहां सुगंध होती है, वहां सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। इत्र केवल बाहरी आकर्षण का माध्यम नहीं, बल्कि यह मन, वातावरण और भाग्य पर भी सूक्ष्म प्रभाव डालता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यदि इत्र का प्रयोग श्रद्धा और नियम से किया जाए तो इससे धन का आगमन होता है, दांपत्य जीवन सुदृढ़ बनता है और व्यक्ति को जीवन में निरंतर उन्नति प्राप्त होती है।

**1. शुक्रवार को देवी लक्ष्मी की कृपा के लिए इत्र उपाय**

शुक्रवार का दिन देवी लक्ष्मी को समर्पित माना गया है। इस दिन गुलाब या केवड़ा जैसे मीठी सुगंध वाले इत्र को दाहिनी कलाई या वस्त्रों पर लगाकर देवी लक्ष्मी का स्मरण करना शुभ फलदायी होता है। मान्यता है कि इससे घर में धन का प्रवाह बढ़ता है और आर्थिक परेशानियों में कमी आती है।

**2. दांपत्य जीवन को मजबूत बनाने हेतु इत्र का प्रयोग**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सुगंध शुक्र तत्व को संतुलित करती है, जो दांपत्य जीवन का प्रमुख कारक ग्रह है। पति-पत्नी यदि किसी शुभ दिन एक-दूसरे को हल्का इत्र लगाकर आदर और प्रेम भाव व्यक्त करें, तो आपसी मतभेद कम होते हैं और वैवाहिक जीवन में मधुरता आती है।

**3. पूजा-पाठ में इत्र अर्पित करने का धार्मिक महत्व**

पूजा के समय देवताओं को इत्र अर्पित करना अत्यंत शुभ माना गया है। विशेष रूप से श्रीकृष्ण, भगवान विष्णु और देवी-देवताओं को सुगंध अर्पित करने से साधक की पूजा स्वीकार होती है। मान्यता है कि इससे रुका हुआ धन प्राप्त होता है और जीवन में शुभ अवसर बढ़ते हैं।

**4. नौकरी और व्यापार में तरक्की के लिए इत्र उपाय**

किसी भी महत्वपूर्ण कार्य, व्यापारिक सौदे या साक्षात्कार से पहले हल्का, शुद्ध और प्राकृतिक इत्र लगाना शुभ माना गया है। धार्मिक विश्वास है कि सुगंध व्यक्ति के व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाती है, जिससे सफलता, मान-सम्मान और तरक्की के मार्ग खुलते हैं।

**5. घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर करने में सहायक इत्र**

यदि घर में तनाव, कलह या अशांति बनी रहती है, तो संध्या समय कपूर, चंदन या केवड़ा इत्र की हल्की सुगंध वातावरण में फैलाना लाभकारी माना गया है। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर में सकारात्मकता का संचार होता है।

# भारत ने लगाई जीत की हैट्रिक

## पाकिस्तान को 61 रन से रौंदा; गेंदबाजों का रहा बोलबाला

**रविवार को श्रीलंका का कोलंबो भारतमय हो गया। प्रेमदासा स्टेडियम से लेकर सड़क ओर होटल तक जहां भी नजर दौड़ाओ भारतीय फैंस ही नजर आ रहे थे। कोलंबो के नीले आसमान तले ब्लू जर्सी में भारतीय फैंस अपनी टीम का हौसला बढ़ाने पहुंचे थे। सूर्यकमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम भी फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरी और उसने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में एक बार फिर पटखनी दे दी। पाकिस्तान टीम ने अभिषेक शर्मा की तैयारी थी, लेकिन ईशान किशन आउट ऑफ सिलेबस आ गए।**




कभी तेज गेंदबाजी के लिए पहचानी जाने वाली पाकिस्तानी टीम ने प्रेमदासा स्टेडियम की ट्रिकी पिच पर छह स्पिनरों का इस्तेमाल करके भारतीय बल्लेबाजों को रोके रखा। अकेले ईशान किशन ने उनका ढंग से सामना किया और तूफानी पारी खेली। उन्होंने करियर का चौथा अर्धशतक ठोकते हुए भारत को 175 रन तक पहुंचाने में मदद की। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने कमाल किया और पाकिस्तान को 18 ओवर में 114 रन पर समेटकर 61 रन से मुकाबले को अपने नाम किया। यह भारत की लगातार तीसरी जीत है।

**सलमान आगा ने जीता टॉस** – पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। उनके अलावा पांच स्पिनरों सैम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान, मोहम्मद नवाज और उस्मान तारिक ने अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या को 17वें ओवर तक हिलने नहीं दिया। सिर्फ ईशान किशन (77) ही पाकिस्तानी स्पिनरों पर हावी दिखे। उन्होंने स्वीप, रिवर्स स्वीप का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए तीन छक्के और 10 चौके से भारत को अभिषेक शर्मा (0) के झटके से उबारा। पाकिस्तान की तरफ से सिर्फ दो ओवर तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने किए। बाकी 18 ओवर स्पिनरों ने फेंके। आगा का पहला मूव अच्छा था लेकिन आखिरी मूव थोड़ा खराब रहा क्योंकि इसमें भारत ने 16 रन बनाए।

**आगा का शानदार मूव** – पाकिस्तानी कप्तान आगा ने शानदार मूव लेते हुए तेज गेंदबाज अफरीदी की जगह खुद पहला ओवर फेंका। उनकी स्पिन ट्रिक कामयाब रही और भारतीय टीम की सबसे बड़ी उम्मीद अभिषेक कैच आउट हो गए। आगा चाहते थे कि अभिषेक शॉट लगाएं और वह जाल में फंस गए। पिछले छह टी-20 में उनका स्कोर 00, नाबाद 68, 00, 30, 00, 00 रहा है। आगा ने अभिषेक का विकेट लेने के बाद अपने साथियों को इशारा भी किया देखा क्या कहा था।

**छक्के के साथ किया स्वागत**

हालांकि अगले ही ओवर में ईशान ने शाहीन का स्वागत छक्के से किया। उनके इस ओवर में भारत ने 15 रन बनाए। शाहीन ने दो ओवर में 31 रन दिए। सलमान ने चौथे ओवर में शाहीन की जगह स्पिनर सैम अयूब को लगा दिया। पावरप्ले में ही दोनों तरफ से स्पिनर गेंद फेंक रहे थे। पाकिस्तान ने पांचवें ओवर में ही तीसरे स्पिनर अबरार को गेंद थमा दी।

हालांकि किशन ने उनका स्वागत भी छक्के से किया। पावरप्ले के छह में से पांच ओवर स्पिनरों ने फेंके। ऐसा कम ही देखने को मिलता है। भारत ने छह ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 52 रन बनाए जिसमें 42 रन किशन के थे। यह भारत-पाकिस्तान मैच में पावरप्ले में किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रन हैं। इससे पहले पिछले साल दुबई में एशिया कप में शुभमन गिल ने पावरप्ले में 35 रन बनाए थे। ईशान ने सातवें ओवर में 27 गेंद पर चौथा अर्धशतक पूरा किया। पैर में खिंचाव के कारण उन्हें कुछ देर फिजियो के साथ बिताने पड़े लेकिन सैम की गेंद पर उन्होंने घूमकर चौका मारा। हालांकि अगली गेंद पर वह बोल्ड हो गए। ऐसी पिच जहां गेंद ग्रिप कर रही थी और रुक कर आ रही थी वहां पर ईशान की इस पारी को काफी समय तक याद रखा जाएगा। ईशान के आउट होने के बाद भारत की रन गति धीमी हो गई।

**तारिक का स्वागत**

11वें ओवर में रुककर साइड आर्म गेंदबाजी करने वाले उस्मान तारिक आए और उनके सामने थे वही सूर्यकुमार यादव जो एक दिन पहले अभ्यास सत्र में अभिषेक और ईशान को उनके एक्शन में गेंदबाजी का अभ्यास करा रहे थे। सूर्य ने इंतजार किया और मिडविकेट के गैप में चौका मारा। पाकिस्तान ने वाइड के तौर पर पहला अतिरिक्त रन 13वें ओवर में दिया। इससे पता चलता है कि वे किस तैयारी में आए थे। इससे पहले सिर्फ एक लेग बाई आया था। ईशान जब आउट हुए थे तब भारत ने 8.4 ओवर में 88 रन बनाए थे। इसके बाद सूर्य और तिलक ने अगली 34 गेंदों पर सिर्फ 48 रन जोड़े। 15वें ओवर में सैम अयूब की गेंद पर तिलक के LBW होने से भारतीय दर्शक खुश हुए क्योंकि उन्होंने 24 गेंद पर सिर्फ 25 रन बनाए थे। हालांकि अगली ही गेंद पर हार्दिक (0) के कैच आउट होने के बाद भारतीय टीम को करारा झटका लगा। इसके बाद शिवम (27) और सूर्य (32) ने स्कोर को 170 के पार पहुंचाया। रिंकू सिंह 4 गेंदों पर 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

# कोलंबो में लगा दिग्गजों का जमावड़ा, जय शाह-नकवी मौजूद; श्रीलंका के राष्ट्रपति और रोहित भी दिखे







भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप के महामुकाबले के दौरान कोलंबो के आर प्रेमादासा स्टेडियम में दिग्गजों का जमावड़ा लगा। विश्व कप के सबसे चर्चित मुकाबले के लिए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष मिथुन मनहास, पूर्व भारतीय कप्तान और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी स्टेडियम में दिखे।

**राजीव शुक्ला और जय शाह साथ दिखे :** मैच के दौरान बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला आईसीसी अध्यक्ष जय शाह के साथ नजर आए। इस दौरान इन दोनों के बीच लंबी चर्चा देखने को मिली। वहीं, बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया भी स्टेडियम में मौजूद रहे।

**हनुमानकाइंड ने बिखेरा जलवा :**

मशहूर रैपर और गायक हनुमानकाइंड ने भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले से पहले आवाज का जादू बिखेरा और स्टेडियम का पारा बढ़ा दिया। इस दौरान भारत को टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जिताने वाले पूर्व कप्तान रोहित शर्मा भी नजर आए। उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों को मैच से पहले गुरुमंत्र दिया।





# तेजी से घट रहा है वजन तो हो जाएं सावधान, हो सकती हैं ये बीमारियां

**कई** बार डाइटिंग या एक्सरसाइज किए बिना ही आपका वजन कम होने लगता है। क्या आप जानते हैं तेजी से वजन कम होना भी किसी गंभीर समस्या की तरफ इशारा करता है। वजन घटने के कई कारण हो सकते हैं- जैसे कि कई गंभीर बीमारी, खान-पान में गड़बड़ी या आपका गलत लाफस्टाइल। वजन तेजी से कम होने पर आपको तुरंत डॉक्टर से चेकअप करवाना चाहिए क्योंकि यह किसी बीमारी का संकेत भी हो सकता है। आज हम आपको यही बताएंगे कि तेजी से वजन कम होना किस बीमारी की तरफ इशारा करता है।

**वजन घटने के कारण**

**1. शुगर है कारण**

डायबिटीज की समस्या होने पर भी वजन तेजी से कम होने लगता है। वजन कम होने के साथ ही थकावट, टांगों में दर्द और थकान जैसे लक्षण भी दिखाई देने लगते हैं, जोकि इस बीमारी का संकेत है। ऐसे में आपक ब्लड शुगर चेक करवानी चाहिए।

**2. मानसिक तनाव**

अगर आप मानसिक तनाव से झूझ रहे हैं तो इसके कारण भी आपका वजन तेजी से कम हो सकता है। मानसिक तनाव में अच्छी डाइट लेने के बावजूद भी आपका वजन नहीं बढ़ता। ऐसे में आपको मेडिटेशन से पहले तनाव को दूर करना चाहिए। तनाव दूर होने से मोटापा कंट्रोल में रहेगा।

**3. आंतों की बीमारी**

कई बार पेट और आंत संबंधी बीमारियों में शरीर भोजन को पूरी तरह से ग्रहण नहीं कर पाता। आप जो चीजें खाते भी हैं उससे भी जरूरत अनुसार पोषण नहीं मिलता, जिसके कारण आपका वजन तेजी से कम होने लगता है।

**4. थायराइड**

थायराइड ग्लैंड में हार्मोन का संतुलन बिगड़ जाने के कारण यह समस्या होती है। इस बीमारी में या तो मरीज का वजन घटने लगता है या तो बढ़ने लगता है। अगर अच्छी डाइट लेने के बावजूद भी आपका वजन कम हो रहा है तो थायराइड का चेकअप जरूर करवाएं।

**5. पेप्टिक अल्सर**

पेप्टिक अल्सर के कारण भी वजन कम होना एक आम बात है। दरअसल, इस बीमारी में आपको भूख कम लगने लगती हैं, जिससे आपको पूरा पोषण नहीं मिल पाता और आपकावजन कम होने लगता है। भूख न लगने और वजन कम होने पर डॉक्टर से चेकअप करवाएं।

# पेट दर्द हो या कब्ज, सबकी छुट्टी करेगा ये जादुई काढ़ा!

**गलत** खान या फिर घंटों एक ही जगह पर बैठकर काम करने से पेट में दर्द, मरोड़ उठना, कब्ज और एसिडिटी जैसे कई समस्याएं होने लगती हैं। ये परेशानियां सिर्फ बड़े लोगों को ही नहीं बल्कि बच्चों को भी हो सकती है। पेट की समस्याओं से राहत पाने के लिए लोग कई तरह की दवाइयों का इस्तेमाल करते हैं। मगर कोई फायदा नहीं होता।

जब तक हम दवाइ खाते हैं तब तक पेट दर्द और कब्ज से राहत मिलती है। जैसे ही मेडिसिन खानी बंद की वैसे ही ये समस्याएं फिर से शुरू हो जाती है। ऐसे में आज हम आपको एक कढ़े के बारे में बताएंगे जिसको पीने से तुरंत राहत मिलने के साथ ये समस्याएं दोबारा नहीं होंगी।



## कैसे बनाएंगे ये काढ़ा

काढ़े को बनाने के लिए अजवायन- 1/2 टेबल स्पून, शेपा (शतपुष्पा बीज)- 1/2 टेबल स्पून, हींग- 1/4 टेबल स्पून, काला नमक- स्वादानुसार, मुलेठी- एक छोटा टुकड़ा 1 सेन्टीमीटर और एक टुकड़ा सौंठ को 250 मिली लीटर पानी में 5 मिनट तक उबालें। इस घोल को खाना खाने के आधे घंटे के बाद पीएं। इस काढ़े को पीने से पाचन तंत्र मजबूत होगा।

जब भी शिशु के पेट में दर्द या फिर उसको कब्ज की समस्या हो तो इस काढ़े का 1 चम्मच बच्चे को पिलाएं। 10 मिनट में दर्द छुटकारा मिलेगा।

# तुलसी के बीज के अनोखे फायदे

**तुलसी** एक औषधीय पौधा है, जिसका हर हिस्सा कई दवाओं को बनाने के काम आता है। अधिकतर लोग इसके पत्तों के फायदों के बारे में ही जानते हैं, मगर आपको बता दें कि तुलसी के बीज भी कई शारीरिक समस्याओं का निदान कर सकते हैं। इन्हें अधिकतर मिठाई या पेय पदार्थों में इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन आयुर्वेद और चाइनीज औषधीय विज्ञान में तुलसी के बीजों को बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। इनमें काफी मात्रा में पोषण, प्रोटीन, फाइबर और आयरन होता है।

इन्हें सब्जा भी कहा जाता है, जो कि आपको कई स्वास्थ्य लाभ पहुंचाते हैं। आइए जानते हैं कि तुलसी के बीज किन समस्याओं में फायदेमंद साबित होते हैं।

**सूजन में कमी**

तुलसी के बीज में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो कि शरीर के किसी हिस्से में आई सूजन और एडिमा जैसी बीमारियों का उपचार कर सकते हैं। साथ ही इसका इस्तेमाल डायरिया में भी आपको राहत दिलाता है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना**

तुलसी के बीज में मौजूद फ्लेवोनोइड और फेनोलिक तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। इन बीजों में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो आपकी कोशिकाओं को स्वस्थ रखने और क्षतिग्रस्त होने में मदद करते हैं।

**पाचन क्षमता बढ़ाना**

ये बीज पेट में जाने के बाद जिलेटनयुक्त परत बनाते हैं, जो कि पाचन क्षमता को मजबूत बनाने में मदद करती है। साथ ही इसमें मौजूद फाइबर तत्व पाचन को बढ़ाता है।

**हृदय को स्वस्थ बनाना**

तुलसी के बीज शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित करते हैं, जिससे यह हृदयघात के प्रमुख कारण उच्च रक्तचाप और स्ट्रेस को कम करते हैं। ये बीज शरीर में लिपिड स्तर को बढ़ाते हैं और हृदय को सुरक्षा प्रदान करते हैं।

**खांसी-जुकाम में राहत**

इन बीजों में एंटी-स्पैसमोडिक गुण होते हैं, जो खांसी-जुकाम जैसी बीमारियों में राहत पहुंचाते हैं। साथ ही इसकी मदद से बुखार का इलाज भी किया जा सकता है।

**वजन कम करना :** तुलसी के बीज में कैलोरी की मात्रा कम होती है और यह आपकी भूख भी मिटाता है। इसलिए इन्हें वजन कम करने में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

